हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 13 मई, 2025

तापमान
अधिकतम 40 .4 डिग्री
न्यूनतम 20 .5 डिग्री

11 भारत ने पाकिस्तान को हर मोर्चे पर जवाब दिया



12 अस्पताल की लैब को मिली ब्लड कलेक्शन चेयर



## खबर संक्षेप

### बाइक सवार व्यक्ति के साथ मारपीट

**गन्नौर।** घर जा रहे बाइक सवार व्यक्ति के साथ कुछ व्यक्तियों ने लाठी-डंडों से हमला कर घायल कर दिया। हमले में व्यक्ति घायल हो गया। इसके बाद हमलावर उसे जान से मारने की धमकी दे कर फरार हो गया। घायल को स्वजन ने उपमंडल अस्पताल में दाखिल कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रैफर कर दिया। घायल ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में गढ़ी केसरी निवासी पवन ने बताया कि वह रविवार शाम को अपनी बाइक पर बड़ी से अपने घर जा रहा था। जब वह लहरी सिंह पार्क के पास पहुंचा तो 3 बाइक ओर 1 गाड़ी में सवार 8-10 युवकों ने उस पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। आरोपितों ने मुह पर कपड़ा बांधा हुए थे।



### गेट तोड़कर अंदर घुसे पिता-पुत्र को पीटा

**गोहाना।** गांव रिंढाणा में दो लोग घर का गेट तोडक़र अंदर घुस गए। इसके बाद उन्होंने पिता-पुत्र से मारपीट की। बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। सुनील ने पुलिस को बताया कि वह और उसका बेटा मनीष घर पर सो रहे थे। उसी समय गांव का जयबीर व मद्दी उसके घर का मुख्य दरवाजा तोडक़र अंदर घुस आए। उन्होंने पहले उसके साथ डंडों से मारपीट की। शोर सुनकर उसका बेटे की नींद खुल गई और वह उसके पास पहुंचा। इसे बाद आरोपितों ने उससे भी मारपीट की। वह बेटे के साथ बचाव के लिए पड़ोसी के घर में चले गए। आरोपित जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

### कबाड़ी की दुकान से गैस सिलेंडर चोरी

**गोहाना।** बरोदा रोड स्थित वजीरपुरा मोड़ के निकट कबाड़ी की दुकान से गैस सिलेंडर चोरी कर लिया। चोर सीसीटीवी में कैद हो गए। शहर थाना में केस दर्ज किया गया। गांव बरोदा के रविंद्र ने पुलिस को बताया कि शनिवार रात को वह दुकान बंद करके घर चला गया था। रविवार सुबह दुकान पर आया तो गैस सिलिंडर नहीं मिला। सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो पता चला कि वजीरपुरा गांव के नवीन ने दुकान से सिलिंडर चोरी किया। उसे उसके गांव का सागर मिला। उसने बताया कि करीब एक सप्ताह पहले उसकी पशु डेरी से भी इनवर्टर-बैट्री चोरी किए गए थे।

### टावर से जनरेटर पर लगाई बैट्री चुराई

**गोहाना।** रोहतक-पानीपत रोड के साथ एक नेटवर्क कंपनी के टावर से जनरेटर पर लगाई गई बैट्री चोरी कर ली गई। कंपनी के तकनीशियन की शिकायत पर बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। गांव पूठी के सोनू ने पुलिस को बताया कि वह जियो के टावरों पर तकनीशियन के पद पर कार्यरत है। वह रविवार को गांव रुखी के निकट टावर पर गया था। वहां जनरेटर पर बैट्री नही मिली।

### टायर पंक्चर मिस्त्री से मारपीट, दांत तोड़ा

**गन्नौर।** जीटी रोड पर कनक ढाबे के पास बाइक सवार युवकों ने टायर पंक्चर मिस्त्री के साथ मारपीट कर दी। पुलिस को शिकायत में मलिकपुर गांव के संदीप ने बताया कि 10 मई को सुबह वह अपनी टायर पंक्चर की दुकान पर मौजूद था। तभी तीन युवक बिना नंबर की बाइक पर आए। उनकी बाइक का रिम टूटा हुआ था और उन्होंने रिम बदलने को कहा। संदीप ने रिम उपलब्ध न होने की बात कही तो दो युवकों ने, जो शराब के नशे में थे, गाली-गलौज शुरू कर दी। आवाज सुनकर ढाबे के कर्मचारी बीच-बचाव करने आए। युवक दोबारा लौटे और संदीप के मुंह पर मुक्का मारकर उसका दांत तोड़ दिया।

---

### हिंदी की परीक्षा शुरू होने से आधे घंटे पहले फोटो स्टेट की दुकान पर पहुंचा पेपर

# स्नातक परीक्षाओं के पहले दिन ही पेपर आउट पांच युवक गिरफ्तार, मशीन और कंप्यूटर जब्त

*सीआरए कॉलेज से बाहर आया पेपर*

*चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पर आरोप, फोटोस्टेट की दुकान पर लाकर दिया था पेपर*

*फोटो कॉपी करके बेच रहे थे पेपर, पुलिस को सोशल साइट्स से मिली जानकारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

स्नातक विषय की परीक्षाओं के पहले ही दिन सोमवार को सोनीपत में पेपर लीक हो गया। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जा रही स्नातक अंतिम वर्ष का हिंदी विषय का पेपर था, जोकि सीआरए कॉलेज से आउट हो गया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पेपर को कॉलेज के चतुर्थ श्रेणी कर्मी ने परीक्षा शुरू होने से आधा घंटे पहले बाहर दे दिया था, जिसके बाद फोटोस्टेट की दुकान पर पेपर की प्रतियां निकाल कर पेपर बेचा जा रहा था। कमाल की बात ये है कि इस मामले का खुलासा सोशल साइट्स के जरिये हुए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दो को गिरफ्तार किया। वहीं देर शाम समाचार लिखे जाने तक इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या पांच हो गई थी। गिरफ्तार युवकों के नाम आकाश, मुरथल के टोनी, गांव राजपुर निवासी हैप्पी, मुरथल निवासी आदित्य व दहिया कॉलोनी निवासी सुधीर हैं।

बता दें कि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की तरफ से स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा आयोजित की जा रही है। सोमवार को हिंदी विषय का पेपर था, जोकि सीआरए कॉलेज से आउट हो गया। पेपर आउट होने का पता लगने के बाद पुलिस ने फोटोस्टेट की दुकान पर छापा डालकर वहां से आउट हुआ पेपर व छह फोटो प्रति बरामद की है। पुलिस ने फोटोस्टेट दुकानदार समेत दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। शुरुआती पूछताछ में पता लगा है कि परीक्षा शुरू होने के आधा घंटा बाद कॉलेज के चतुर्थ श्रेणी कर्मी ने पेपर बाहर लाकर दिया था।



सोनीपत। फोटोस्टेट की दुकान पर पहुंचकर जांच करते हुए एसीपी राहुल देव।



सोनीपत। गिरफ्तार आरोपितों को ले जाती पुलिस टीम।

#### दुकानदार पकड़ा, एक आरोपित मुरथल का

एसीपी राहुल देव ने बताया कि दोपहर एक बजे सोशल मीडिया व अन्य माध्यम से जानकारी मिली कि मदवि की तरफ से आयोजित परीक्षा का पेपर आउट हो गया है। उसकी एक फोटोस्टेट की दुकान पर प्रतियां निकाली जा रही हैं। जिस पर सिटी थाना से एएसआई राजेश के नेतृत्व में टीम बनाकर भेजी गई। छापा में श्रीजी फोटोस्टेट दुकानदार आकाश, मुरथल के टोनी, गांव राजपुर निवासी हैप्पी, मुरथल निवासी आदित्य व दहिया कॉलोनी निवासी सुधीर सहित को पकड़ा गया। उनके कब्जे से हिंदी का पेपर व छह फोटो कॉपी बरामद की गई।

#### जानकारी जुटा रहे

पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि पेपर को सोनीपत के सीआरए कॉलेज से आउट किया गया। पेपर को कॉलेज के चतुर्थ श्रेणी कर्मी ने परीक्षा शुरू होने के करीब आधा घंटा पहले बाहर दे दिया था। जिसके बाद उसे फोटोस्टेट की दुकान पर लाया गया था। एसीपी राहुल देव ने बताया कि उन्होंने दुकान से दो फोटोस्टेट मशीन व कंप्यूटर जब्त कर लिया है। उनकी तकनीकी परीक्षण कराया जाएगा। पुलिस ने मामले में पांच को गिरफ्तार कर लिया है। हिरासत में लिए युवकों ने मामले की पूरी जानकारी जुटाई जा रही है।

#### स्थगित की गई थी परीक्षा

सोमवार को मदवि की तरफ से प्रथम चरण में हिंदी अंतिम वर्ष की परीक्षा ली गई। परीक्षा को पहले स्थगित कर दिया गया था। चार दिन पहले स्थगित की गई परीक्षा की वजह भारत पाकिस्तान के बीच बने युद्ध जैसे हालातों को बताया गया। हालांकि युद्ध विराम की घोषणा के बाद मदवि प्रशासन ने फिर शेड्यूल जारी किया था।

---

## सोसायटी की 13वीं मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- बरोटा स्थित ट्यूलिप सोसाइटी में ईंट उठाने के दौरान हुआ हादसा, पश्चिमी बंगाल का रहने वाला था मजदूर अमीनूर

कुंडली थाना क्षेत्र के बरोटा स्थित ट्यूलिप सोसाइटी में 13वीं मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया है। पुलिस का कहना है कि परिजनों के बयान पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वेस्ट बंगाल के जिला कुंजबिहार के मधुशूदन गांव निवासी 39 वर्षीय अमीनूर अपने चार बच्चों व पत्नी के साथ रहता था। वह पत्नी आलिमा के साथ बारोटा की ट्यूलिप सोसायटी में मजदूरी करता था। सोमवार को वह 13 वीं मंजिल पर ईंट उठाने का काम कर रहा था। उसकी पत्नी आलिमा नीचे ग्राउंड फ्लोर पर काम कर रही थी। अचानक अमीनूर का पैर फिसल गया। वह सोसायटी की 13 वीं मंजिल से नीचे गिर गया। अमीनूर की मौके पर ही मौत हो गई। जैसे ही मजदूर के नीचे गिरने की सूचना सोसायटी में फैली तो उसकी पत्नी भी मौका पर आ गई। जमीन पर पति का शव देखकर वह बिलख पड़ी। सोसायटी के लोगों ने उसे संभाला। हादसे की सूचना पर अकबरपुर बारोटा पुलिस चौकी के इंचार्ज एसआई जितेंद्र मौके पर पहुंचे। चौकी इंचार्ज एसआई जितेंद्र ने कहा कि परिजनों के बयान के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## गैस सिलेंडर, दूध की डेयरी से बैटरी इनवर्टर चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने कबाड़ी की दुकान से गैस सिलेंडर व दुध की डेयरी से इनवर्टर व बैटरी चोरी करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नवीन उर्फ कालू निवासी वजीरपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गोहाना बरोदा मोड़ निवासी रविंद्र ने गत 11 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसने कबाड़ी की दुकान कर रखी है। दुकान से गैस सिलेंडर चोरी कर लिया गया। वहीं सागर निवासी बरोद ठुठान ने बताया कि एक हफ्ता पहले उसकी दुध की डेयरी से ईनवंर्टर चोरी मिला। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

---

## आंधी से 143 खंभे, 19 ट्रांसफार्मर गिरे, कई गांवों में 16 घंटे तक बिजली सप्लाई बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

रविवार रात को क्षेत्र में आई आंधी में क्षेत्र में 143 खंभे गिरे और 19 ट्रांसफार्मर गिरने से क्षतिग्रस्त हो गए। बिजली निगम द्वारा आंधी रुकने के बाद प्रभावित लाइनों का पता लगाकर मरम्मत कार्य शुरू कराया। कई गांवों में 16 घंटे तक बिजली बाधित हुई। कृषि फीडरों की क्षतिग्रस्त लाइनों पर देर शाम तक मरम्मत कार्य चला। रविवार रात लगभग आठ बजे आई आंधी में कई गांवों में खंभे टेढ़े हो गए या गिर गए। गांव कोहला से बुटाना मार्ग पर कई खंभे टेढ़े हो गए। शहर के विष्णु नगर और सोनीपत रोड के पास के क्षेत्र में भी खंभे टूटे। बिजली लाइनों पर पेड़ गिरने से विभिन्न गांवों में नौ मीटर के 132 और 11 मीटर की 10 खंभे गिर गए या टूट गए। खंभे टूटने से 19 ट्रांसफार्मर भी गिरकर क्षतिग्रस्त हो गए। इससे विभिन्न गांवों में बिजली सप्लाई बाधित हो गई। सोमवार दोपहर तक बिजली सप्लाई को बहाल किया गया। कृषि फीडरों पर मरम्मत जारी है। बिजली निगम के एक्सईएन राज सिंह ने कहा कि क्षतिग्रस्त लाइनों पर आंधी रुकने के बाद काम शुरू करवा दिया गया था। जल्द कृषि फीडरों की लाइनों की मरम्मत भी करवा दी जाएगी।



आंधी में टेढ़े हुए बिजली के खंभे।

**हादसा**

### गिरे पेड़ से टकराई बाइक खेड़ी तगा के युवक की मौत

**गन्नौर।** घसौली व खेड़ी तगा गांव के बीच में रविवार की शाम को आई तेजी आंधी में सड़क पर गिरे पेड़ से टकराकर मोटरसाईकल सवार युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना सुबह राहगीरों ने पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार खेड़ी तगा गांव निवासी 25 वर्षीय सुनील अपनी मोटरसाईकिल पर सोमवार की रात को घसौली गांव में अपने साथी को छोड़कर वापिस आ रहा था। जब वह खेड़ी गांव के पास पहुंचा तो रास्ते में उसकी मोटरसाईकिल आंधी में सड़क पर गिरे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि उसकी मौके पर मौत हो गई। बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

---

## पुराने बस स्टैंड के पास गोली मारकर युवक की हत्या

### जमानत पर आया था गांव ईशापुर खेड़ी का रहने वाला अजय, हत्या साहित कई केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सोमवार शाम को शहर में पुराना बस स्टैंड के निकट राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के पास गांव ईशापुर खेड़ी के युवक की गोलियां मारकर हत्या कर दी। युवक किसी काम से बस स्टैंड की तरफ आया था और अपनी स्कार्पियो को खड़ा करके गया था। वापस आया तो वर्ना कार में आए बदमाशों ने उसके सिर में गोलियां मार दी। युवक का भी आपराधिक रिकार्ड रहा है और उस पर हत्या समेत सात केस दर्ज हैं। युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। मूलरूप से गांव ईशापुर खेड़ी का अजय तीन साल पहले जमानत पर आया था। उसके बाद वह गोहाना में जींद रोड स्थित किसान कालोनी में रह रहा था। वह सोमवार शाम लगभग साढ़े पांच बजे स्कार्पियो में सवार होकर पुराना बस स्टैंड की तरफ आया था। उसने राजकीय कन्या स्कूल के दूसरी तरफ गाड़ी खड़ी की और काम करने चला गया। कुछ देर बाद जब वह गाड़ी की तरफ जाने लग तो उसी समय वर्ना कार सवार तीन युवक आए। कार से उतरे दो युवकों ने अजय पर फायरिंग कर दी, जबकि एक कार में बैठा रहा।



गोहाना। जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंची पुलिस। फोटो : हरिभूमि

#### भागकर जान बचानी चाही, लेकिन सड़क पर गिर गया

अजय जान बचाने के लिए लगभग 20 मीटर तक भागा। वह लहूलुहान होकर रोड पर गिर गया। हमलावर कार में सवार होकर मौके से भाग गए। पुलिस मौके पर पहुंची और अजय को स्कार्पियो में नागरिक अस्पताल में ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। डीसीपी भारती डबास, एसीपी निधि नैन व थाना प्रभारी सबल मौके पर पहुंचे।

#### आपराधिक रिकॉर्ड है

हमले का शिकार हुए युवक अजय का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। उस पर हत्या समेत सात मुकदमे दर्ज हैं। वह करीब तीन साल पहले जमानत पर आया था। अजय व उसके साथियों पर वर्ष 2015 को ईशापुर खेड़ी निवासी विजय (24) की गोली मारकर हत्या की थी। बुटाना और ईशापुर खेड़ी गांव के बीच गाड़ी में सवार होकर आए हमलावरों ने वारदात को अंजाम दिया था।

#### जल्द होगा खुलासा

स्वजन के बयान पर केस दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने एक संदिग्ध को राउंडअप भी किया है। जल्द ही मामले का खुलासा करके गिरफ्तारी की जाएगी।

*- डीसीपी भारती डबास, गोहाना*

---

### सराहनीय : गांव में, 1000 लड़कों पर 1486 लड़कियां

## भिगान गांव पिछले साल लिंगानुपात में लाया बेहतरीन सुधार, प्रशासन ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम व बेटियों को भी समान अधिकार दिलाने व लोगों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने जिला के बेहतरीन लिंगानुपात वाले गांव भिगान को सम्मानित किया। गांव में 2024-25 में लिंगानुपात प्रति 1000 लड़कों पर 1486 लड़कियां रहा था। कार्यक्रम में गांव की प्रतिभाशाली छात्राओं को भी डेढ़ लाख की राशि देकर सम्मानित किया। जिला स्वास्थ्य विभाग के संयोजन में लघु सचिवालय में जिला में सबसे ज्यादा लिंगानुपात वाले गांव और वहां की प्रतिभाशाली बेटियों को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम किया गया। उपायुक्त ने भिगान की दसवीं कक्षा की टॉप-3 छात्राओं को पुरस्कार के लिए चुना गया।

#### गांव की दसवीं कक्षा की टॉप-3 छात्राओं को पुरस्कार




सोनीपत। भिगान गांव की मेधावी छात्रा को सम्मानित करते हुए उपायुक्त एवं अन्य।

#### अंकिता को 75 हजार रुपये का चेक मिला

डीसी ने गांव में दसवीं कक्षा में प्रथम स्थान हासिल करने वाली अंकिता को 75 हजार रुपये का चेक और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा उन्होंने द्वितीय स्थान पर रही मीनू को 45 हजार तथा तीसरे स्थान पर रही ब्यूटी को 30 हजार रूपये का चैक और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। वर्ष 2024 के अंतर्गत गांव भिगान का लिंगानुपात प्रति 1000 लड़कों पर 1486 लड़कियां रहा था।

#### सरपंच और हेल्थ वर्कर्स की तारीफ

गांव का लिंगानुपात सुधरने पर उपायुक्त सभी की तारीफ की और गांव की सरपंच सुनीता शर्मा, चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमन नगर, पंच रीतू व सुदेश, एमपीएचडब्ल्यू अनीता व विजेंद्र सिंह, आशा वर्कर उषा देवी, सरोज, सुदेश, राखी व अंजू कौशिक तथा आंगनवाडी वर्कर आशा रानी, कविता, लोकेश त्यागी एवं सुशीला को सम्मानित किया। इस मौके पर सीएमओ डॉ. ज्योत्सना, पीएनडीटी के जिला नोडल अधिकारी डॉ. सुमित कौशिक, नितिन, पीएनडीटी कार्यालय से मनोज कुमार, प्रदीप राणा सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम सहित टॉपर्स छात्राएं व उनके अभिभावक व विभिन्न गांवों के सरपंच मौजूद रहे।

---

## एसोसिएट प्रोफेसर को महिला आयोग ने भेजा नोटिस, 14 मई को पंचकूला पेश होना होगा

### सोशल साइट्स पर महिलाओं और सेना को लेकर दिया था बयान

- एसोसिएट प्रोफेसर ने ऑपरेशन सिंदूर पर टिप्पणी करते हुए कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की भूमिका को नकारात्मक रूप में प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा राज्य महिला आयोग ने पिछले सप्ताह सोशल साइट्स पर महिलाओं और सशस्त्र बलों पर विवादास्पद ब्यान देने के मामले में राजीव गांधी एजूकेशन सिटी स्थित अशोका विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष प्रो. अली खान महमूदाबाद को समन जारी किया है। स्वतः संज्ञान लेते हुए आयोग ने प्रोफेसर को 14 मई को पंचकूला स्थित कार्यालय में व्यक्तिगत तौर पर पेश होने के निर्देश दिए गए हैं। महिला आयोग के अनुसार प्रो. महमूदाबाद ने 7 मई के आसपास सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल माध्यमों पर ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित टिप्पणी करते हुए महिला सैन्य अधिकारियों कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की भूमिका को नकारात्मक रूप में प्रस्तुत किया। आयोग का कहना है कि उनके बयानों में नरसंहार, अमानवीयता और पाखंड जैसे शब्दों का प्रयोग करते हुए भारतीय सेना और सरकार की मंशा पर कम्यूनल दुर्भावना से प्रेरित आरोप लगाए गए। आयोग ने प्रो. महमूदाबाद पर राष्ट्रीय अखंडता को नुकसान पहुंचाने, महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का आरोप लगाया है। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के आचार संहिता के उल्लंघन और भारतीय संविधान व भारतीय न्याय संहिता 2023 की धाराओं के तहत भी उल्लंघन की संभावना जताई गई है। आयोग ने उन्हें 5 पृष्ठों से अधिक न होने वाले हलफनामे के रूप में लिखित उत्तर, बयान का समर्थन करने वाले साक्ष्य, विश्वविद्यालय की संहिता की प्रति और अनुबंध पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। अनुपस्थित रहने पर आयोग द्वारा कानूनी कार्यवाही किए जाने की चेतावनी दी गई है।

#### महिला अधिकारियों की गरिमा को ठेस

बताया गया है कि प्रो. महमूदाबाद के सोशल मीडिया पर दिए गए बयानों में व टिप्पणियों की कुछ पंक्तियों को महिला अधिकारियों की गरिमा को ठेस पहुंचाने और साम्प्रदायिक तनाव फैलाने की दृष्टि से देखा गया है। राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा रेणू भाटिया ने कहा कि प्रोफैसर प्रो. अली खान की टिप्पणी को विवादित पाया गया है। ऐसे में स्वयं संज्ञान लेते हुए उन्हें समन किया गया है। उनका पक्ष सुनने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हरिभूमि

# सहेली



विशेष
अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस, 15 मई

परिवार से दूर रहकर सुखी जीवन की चाहत रखना एक बहुत बड़ी भूल है। परिवार वो छाया है, जो संकट की तपती धूप में हमें शीतलता देता है, हमारा संबल बनता है। इसलिए जरूरी है हम हमेशा पारिवारिक मूल्यों को बनाए रखें। परिवार के लोग प्रेम-स्नेह से बंधे रहें।

## परिवार का प्रेम-स्नेह जीवन का है आधार

आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

परिवार को जीवन की पहली पाठशाला कहा जाता है। पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलती आ रही यह मान्यता हर इंसान को मानवीय मूल्यों से जोड़कर रखती है। विचार-व्यवहार के मोर्चे पर जीवन को साधने का पाठ पढ़ाती है। अपनों के साथ संबल का ठिकाना कहे जाने वाले परिवार में ही तो एक छत के नीचे रहकर सुख-दुख साझा किया जाता है। हर उतार-चढ़ाव में जिंदगी से जुड़े रहने की हिम्मत बनी रहती है। परिवार, समाज की सबसे छोटी इकाई है जरूर, लेकिन समाज की बुनियाद को मजबूती देने में इस इकाई के मायने बहुत अहम हैं। समाज को बनाने और बनाए रखने में परिवार की अहमियत हमेशा से रही है, लेकिन अब परिवार के मूल स्वरूप में बिखराव साफ दिखने लगा है। यही वजह है कि हर साल घर-आंगन से जुड़े बहुत से विषयों पर विमर्श के लिए अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। परिवार दिवस को पारिवारिक ताना-बाना सहेजने की कोशिश के रूप में देखा जाता है।

### मानवीय समझ को पोषण

पारिवारिक खुशहाली का समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण रोल होता है। दुनिया के हर हिस्से में परिवार ही समाज के भावी नागरिक को इंसानियत का पाठ पढ़ाता है। बुजुर्गों को स्नेह-सुरक्षा का साया मिलता है। युवा परिवार में सही मार्गदर्शन पाते हैं। रिश्तों के ताने-बाने का यह बंधन हर उम्र के लोगों को कुछ न कुछ देता ही है। यों भी जिंदगी का हर सबक अपने परिवार में ही सीखा जाता है। अपने आंगन में मिली सीख से ही आगे चलकर नई पीढ़ी का व्यक्तित्व पूर्णता पाता है। परिवार ही बड़ों की संभाल और देखभाल का आधार बनता है। हमारे फैमिली सिस्टम में मौजूद यह आपसी जुड़ाव, जो मजबूत पृष्ठभूमि बनाता है, वह हर परिस्थिति में मन-जीवन को थामती है। पारिवारिक व्यवस्था सही मायने में हमारे जीवन का आधार स्तंभ है। परिवार में साथ-साथ रहना, सुख-दुख साझा करने की सोच, अपनेपन के भाव हमें आपस में दिल से जोड़े रखते हैं। हर तरह से एक-दूसरे के साथ समन्वय और सहयोग भरा भाव ही पारिवारिक संबंधों का संबल है। परिवार में खुशियों और जिम्मेदारियों का एक अनोखा मेल होता है, जो सभी को आपस में बांधे रहता है। यही बंधन हमें अच्छे-बुरे वक्त में थामने का काम करते हैं। बड़ों को मान और बच्चों को मनुहार परिवार में ही मिल सकती है। हमारे यहां हर तबके के परिवारों में यही स्नेहपूरित सोच रही है। जीवन को साधने-समझने वाले हर मानवीय भाव-चाव को परिवार ही पोसता आया है।





### बिखरता ताना-बाना सहेजने के प्रयास

हालिया वर्षों में टूटते-बिखरते परिवारों का बढ़ता आंकड़ा चिंता का विषय बन गया है। दुनिया के हर समाज में परिवार के महत्व को रेखांकित किए जाने के बावजूद पारिवारिक ढांचा बिखर रहा है। कहीं बच्चे अकेले छूट रहे हैं तो कहीं बुजुर्ग स्नेह-साथ को तरस रहे हैं। बहुत से युवा शादी कर परिवार बसाना ही नहीं चाहते तो कई कपल्स शादी के बाद अपने रिश्ते को बिखरने से नहीं बचा पा रहे हैं। दुनिया भर में पारिवारिक सुदृढ़ता के लिए सराहे जाने वाले हमारे देश में भी अब तलाक के मामले बढ़े हैं। अपनों के साथ ही बर्बरता करने के मामले भी आए दिन सामने आते हैं। बदलती लाइफस्टाइल के चलते परिवार छोटे होते जा रहे हैं। जीवन की आपा-धापी में इतना कुछ नया जुड़ रहा है कि परिवार और अपने ही पीछे छूट रहे हैं। पारिवारिक कलह के चलते लोग अपनों की जान लेने से भी नहीं चूक रहे। भावनाओं भरे जुड़ाव पर स्वार्थी सोच हावी हो रही है। वर्चुअल दुनिया में अंजान चेहरों से जुड़ने के इस दौर में अपनों की उपेक्षा की संस्कृति पनप रही है। यही वजह है कि पारिवारिक मूल्यों को सहेजने के लिए कोशिशें जरूरी हैं। बदलते हालातों से जुड़ी सजगता लाने, परिवार के प्रति लोगों में लगाव को बढ़ाने और इस संस्था की अहमियत बताने के लिए ही इंटरनेशनल फैमिली-डे मनाया जाता है। हर साल यह दिन एक खास थीम के साथ सेलिब्रेट किया जाता है। वर्ष 2025 की थीम 'सतत विकास के लिए परिवार-उन्मुख नीतियां-सामाजिक विकास के लिए दूसरे विश्व शिखर सम्मेलन की ओर' रखी गई है। जिसका उद्देश्य समाज के डेवलपमेंट के लिए परिवार की बेहतरी से जुड़ी पॉलिसीज पर फोकस करना है। साथ ही यह विषय फैमिली सिस्टम से जुड़ी मौजूदा नीतियों और मुद्दों के एनालिसिस और रिव्यू से भी जुड़ा है। समझना मुश्किल नहीं कि मौजूदा पॉलिसीज को समझकर ही भविष्य में पारिवारिक मूल्यों को बेहतर बनाने की राह तलाशी जा सकती है।

### अपनों का प्रेम-साथ-स्नेह अनमोल

असल में व्यवस्थागत प्रयासों के साथ हमें भी परिवार से जुड़ाव के अर्थ को समझना होगा। सब कुछ बनाने-जुटाने के फेर में गांवों से लेकर मेट्रो सिटीज तक लोग यह भूल रहे हैं कि परिवारजनों के बीच साझे सुख-दुःख की भावना ही रीत रही है। आज भावनात्मक दूरियां बढ़ रही हैं। ऐसे में हमें याद रखना होगा कि परिवार के सभी सदस्यों को भावनाओं की डोर से बंधे रहना चाहिए। अपनों का साथ हर किसी के मन को छोटी से छोटी खुशी में भी अनमोल सुख देता है। रिश्तों का यह ताना-बाना स्नेह बांटना भी सिखाता है और खुशियों को जीना भी। फाइनेंशियल परेशानी हो या बीमारी, अपने ही तो हर कष्ट में साथ खड़े नजर आते हैं। इतना ही नहीं अपनों का साथ पाकर हर तरह के दुःख से जूझने की शक्ति भी मिलती है। कई समस्याएं दिलो-दिमाग को विचलित किए बिना ही हल हो जाती हैं। संबल और सुख का यह परिवेश परिवारजनों के साथ रहकर ही संभव है। तीज-त्योहारों की रौनक भी अपनों के साथ से ही होती है। मन में उत्साह-उमंग जगाने वाली खुशियां, परिवार के साथ बिना अधूरी-सी लगती हैं। घर-परिवार से मिलने वाला सुख-समर्पण का यह भाव ही हमें समाज और देश से जोड़ता है। समझना मुश्किल नहीं कि स्ट्रेस, डिप्रेशन और अकेलेपन से जूझते लोगों के आंकड़े में इजाफे का एक कारण पारिवारिक टूटन भी है। अपनी जड़ों से जुड़ाव रखना हो या मन-जीवन की जद्दोजहद का सामना करना, परिवार का साथ बहुत मायने रखता है। अपनों के बीच अनमोल साथ स्नेह को कायम रखने वाली कुटुंब व्यवस्था की भूमिका सुरक्षा, सेहत और संभाल हर पहलू पर अहम है। ❁

## दुख बांटने का सुख एक मानवीय अनुभव

सुख-दुख हर किसी के जीवन में आते हैं। लेकिन दुख साझा करने से उसे सहना थोड़ा आसान हो जाता है। इसलिए घर-परिवार में या कोई भी जानने वाला अगर दुख में दिखे तो उसका सहारा बनें, उसका दुख जरूर बांटें।

संवेदना
यशोधरा भटनागर



रहीम का एक दोहा है- रहिमन निज मन की बिथा, मन ही राखो गोय/ सुनि अठिलैहैं लोग सब, बांटि न लैहैं कोय।। इस दोहे का मतलब है कि अपने मन के दुख को मन में ही रखना चाहिए। दूसरों का दुख सुनकर लोग इठला भले ही लें, लेकिन उसे कम करने वाला कोई नहीं होता। साथ ही, लोग दूसरे का कष्ट सुनकर उसका उपहास भी उड़ाते हैं। वहीं दूसरी ओर यह भी कहा जाता है कि दुख बांटने से कम होता है। सच ही है, दुखों को हल्का करने के लिए, सिर रख कर रोने के लिए एक कंधा मिल जाए तो दुख कम तो नहीं होता पर एक ऐसा एहसास जुड़ जाता है, जो व्यक्ति के लिए संबल बन जाता है और वह दुख का सामना करने की शक्ति पा जाता है।

**जीवन को गतिमान बनाते हैं सुख-दुखः** मनुष्य का जीवन सुख और दुख के द्वंद्व में सदा गतिमान रहता है। सुख हमें आनंद देता है, परंतु दुख हमारी सहनशीलता, हमारे रिश्तों और हमारे भीतर छुपे मानवीय गुणों की परीक्षा लेता है। दुख एक ऐसा अनुभव है, जिसे यदि अकेले सहा जाए तो वह भारी लगता है, लेकिन यदि इसे किसी के साथ बांटा जाए, तो यह हल्का लगता है, एक अनोखे सुख का भी रूप ले लेता है। यह सुख गहरे मानवीय संबंधों और सहानुभूति के मूल्य को दर्शाता है। इसलिए हमें अपने आस-पास के लोगों का दुख बांटना चाहिए, दुखी व्यक्ति को अकेले नहीं छोड़ देना चाहिए। अस्सी वर्षीया शांति देवी की आंखें उस दिन बार-बार बरस रही थीं। पति का जन्मदिन जो था। भावों का तीव्र प्रवाह हृदय को उद्वेलित कर रहा था। सात बरस हो गए पति के देहांत हुए, लेकिन आज भी वह आस-पास ही महसूस होते हैं। शांति देवी पल भर भी उन्हें भुला नहीं पाई हैं। पहाड़-सा दुख मन पर डटा खड़ा है। दीवारों से घिरी वो अकेली हैं, नितांत अकेली। वे दीवारों से ही बतियाती हैं। दीवारें मौन हैं और दुख का पहाड़ उतना ही बड़ा। यह आज के समाज का विद्रूप-कुरूप चेहरा है।



**कम होता है भावनात्मक बोझः** दुख एक मानसिक और भावनात्मक बोझ है। इसे बांटने की प्रक्रिया न केवल इस बोझ को हल्का करती है, बल्कि उसमें छुपे तनाव, अकेलेपन और हताशा को भी कम करती है। यह वही प्रक्रिया है, जिसमें व्यक्ति अपने भीतर के भावों को शब्दों के माध्यम से बाहर निकालता है। एक सच्चे मित्र या हमदर्द के साथ ऐसा करने से व्यक्ति को यह विश्वास होता है कि कोई उसे समझ रहा है, उसकी पीड़ा में शामिल है। यह विश्वास ही उसे मानसिक और भावनात्मक सुकून देता है।

**दुख सुनाने और सुनने वाले बंधते हैं अदृश्य बंधन मेंः** हर व्यक्ति को जीवन में ऐसे किसी साथी की आवश्यकता होती है, जो उसके दुख को सुन सके, उसे समझ सके। मित्रता और हमदर्दी इस प्रक्रिया में केंद्रीय भूमिका निभाती हैं। एक सच्चा मित्र न केवल हमारे सुख के पलों का सहभागी होता है, बल्कि हमारे दुख के समय एक आश्रय भी बनता है।


**मिलती है आंतरिक संतुष्टिः** जब हम किसी के साथ अपना दुख साझा करते हैं, तो हमें एक आंतरिक संतुष्टि मिलती है। यह संतोष इस बात का प्रतीक है कि हमने अपने भावनात्मक बोझ को हल्का किया है। ❁



मेकअप
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

## प्रॉपर मेकअप से मिलेगा अट्रैक्टिव लुक

आकर्षक-खूबसूरत दिखने के लिए आप हर पॉसिबल स्टेप फॉलो करती हैं। अगर किसी पार्टी में जाना हो तो स्टाइलिश ड्रेस चुनती हैं, ताकि सबसे अलग दिखें। लेकिन अच्छी ड्रेस भी आपकी ब्यूटी को तभी उभारता है, जब मैचिंग मेकअप अप्लाई किया जाए। हालांकि मेकअप तो सभी महिलाएं करती हैं लेकिन सही तरीके से किया गया मेकअप ही आपके लुक को निखार सकता है। इसके लिए जरूरी है कि आपको मेकअप करने का सही तरीका पता हो। अगर आप मेकअप करने से पहले यह तय ही नहीं कर पाती हैं कि आपको किस तरह का मेकअप करना है और कैसा मेकअप आप पर अच्छा लगेगा, तो हम आपको सिंपल लेकिन इंप्रेसिव मेकअप स्टेप्स के बारे में यहां बता रहे हैं।



**बेस तैयार करेंः** मेकअप बेस तैयार करने के लिए आपको सबसे पहले प्राइमर लगाना चाहिए। इसके बाद चेहरे पर फाउंडेशन लगाएं और फाउंडेशन का चुनाव हमेशा अपनी स्किन टोन से एक टोन अपर शेड का सेलेक्ट करें। इसके बाद आप फेस पावडर लगाएं। अगर आप गालों को हाईलाइट करना चाहती हैं, तो पीच ब्लश ऑन का भी इस्तेमाल करें। इस बात का भी ध्यान रखें कि फाउंडेशन लगाने के बाद गीले स्पंज को चेहरे पर डैब करें, ताकि फाउंडेशन अच्छे से ब्लेंड हो जाए।

**आई मेकअपः** निखरी खूबसूरती पाने के लिए आंखों का परफेक्ट मेकअप भी बहुत मायने रखता है। अच्छा आई मेकअप आपके पूरे लुक को बेहतर बनाने में मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए आपको सबसे पहले आंखों के आस-पास की स्किन और पलकों के ऊपरी हिस्से पर बेस तैयार करना चाहिए और प्राइमर और फाउंडेशन लगाना चाहिए। आप आंखों को यदि बड़ा दिखाना चाहती हैं, तो लाइट आईशैडो का इस्तेमाल करना चाहिए। आप काजल और आईलैशेज का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

**लिपस्टिकः** लिपस्टिक का चुनाव करते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि डे पार्टी में लाइट और न्यूड शेड्स की लिपस्टिक कैरी करें और नाइट पार्टी में डार्क रेड, ब्राउन या फिर डार्क पिंक कलर की लिपस्टिक अप्लाई करें। होंठों के आकर्षण के लिए लाइट और नेचुरल कलर्स का उपयोग करना चाहिए। ज्यादा डार्क या ब्राइट कलर लगाने से परहेज करना चाहिए। लिपस्टिक की रंगत चुनते समय अपनी स्किन शेड को जरूर ध्यान में रखें। अगर आपकी स्किन टोन में पीलापन है तो ऑरेंज कलर की लिपस्टिक से परहेज करें। डस्की स्किन के लिए यलो कलर की लिपस्टिक से परहेज करें। गर्मियों में सामान्य त्वचा के लिए हल्के रंग बेहतर लगते हैं, लेकिन सांवली रंगत के लिए चमकीले रंग बेहतर होंगे। आप डार्क यलो शेड्स का प्रयोग भी कर सकती हैं। रात में होंठों से लिपस्टिक हटाना न भूलें। लिपस्टिक के बचे रंग होंठों को सूखा कर सकते हैं। ❁

मेंटल हेल्थ
डॉ. विपुल रस्तोगी
सीनियर साइकिएट्रिस्ट, गुरुग्राम

आजकल अनेक महिलाएं कई वजहों से अलग-अलग मनोरोगों की शिकार हो रही हैं। क्यों होता है ऐसा, इसके लक्षणों को कैसे पहचानें और इससे बचाव के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? यहां बता रहे हैं डिटेल में।

## तब आपका मन नहीं होगा बीमार

आज लोगों की जीवनशैली में व्यस्तता इतनी ज्यादा बढ़ रही है कि उनके पास खुद पर ध्यान देने और अपने परिवार के सदस्यों से भी बातचीत करने का समय नहीं होता है। इस तनावपूर्ण जीवनशैली के प्रभाव से महिलाएं भी अछूती नहीं हैं। इस दबाव की वजह से हमेशा उनका मन अशांत और उदास रहता है, वे स्ट्रेस, एंग्जायटी और डिप्रेशन जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याओं की शिकार हो जाती हैं। इनके बारे में आपको पता होना चाहिए।

**मेंटल स्ट्रेसः** पुराने समय की तुलना में आज की महिलाओं का जीवन ज्यादा मुश्किलों से भरा है। संयुक्त परिवार तेजी से टूट रहे हैं और शहरों में न्यूक्लियर फैमिली की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसी स्थिति में होममेकर्स के आस-पास कोई ऐसा व्यक्ति नहीं होता, जिसके साथ वे अपने मन की बातें शेयर कर सकें। इसकी वजह से उनका तनाव बढ़ने लगता है।

**प्रमुख लक्षणः** उदासी, चिड़चिड़ापन, थकान, अनिद्रा, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, कार्य क्षमता का घटना और निराश हो जाना इसके प्रमुख लक्षण हैं।



**बचाव-उपचारः** नए लोगों से दोस्ती बढ़ाएं, प्रियजनों के साथ मन की बातें शेयर करें, म्यूजिक सुनें, बागवानी या स्पोर्ट्स जैसी एक्टिविटीज में अपनी सक्रियता बढ़ाएं। नियमित रूप से योग और प्राणायाम करें। सही ढंग से टाइम मैनेजमेंट करते हुए अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। अगर इन प्रयासों के बावजूद तनाव कम न हो तो मनोवैज्ञानिक से संपर्क करें।

**एंग्जायटीः** यह ऐसी मनोदशा है, जिसमें अत्यधिक चिंता, डर या बेचैनी महसूस होती है। खान-पान की गलत आदतों के कारण होने वाले हार्मोन संबंधी असंतुलन भी इसके लिए जिम्मेदार हैं।

**प्रमुख लक्षणः** मन में बार-बार नकारात्मक विचार आना, हमेशा सशंकित रहना, वर्तमान को छोड़कर भविष्य के बारे में लगातार सोचते रहना, खुद को लाचार महसूस करना, दिल की घड़कन तेज होना, पसीना आना, थकान और सांस लेने में तकलीफ होना।

**बचाव-उपचारः** सोने-जागने का समय सुनिश्चित करें, जब मन परेशान हो तो गहरी सांस लें, योग और ध्यान करें, करीबी लोगों के साथ इस समस्या के बारे में खुलकर बातचीत करें, हमेशा अच्छा सोचें और मोटिवेशनल किताबें पढ़ें। इन प्रयासों के बावजूद अगर आपकी मनोदशा में कोई बदलाव न आए तो एक्सपर्ट से सलाह लें।



**डिप्रेशनः** अगर किसी व्यक्ति के मन में उदासी और जीने से अरुचि की भावना लंबे समय तक बनी रहे, तो ऐसी मनोदशा को डिप्रेशन कहा जाता है। आजकल महिलाओं में यह समस्या तेजी से बढ़ रही हैं।

**प्रमुख लक्षणः** अकेलापन और खालीपन महसूस करना, ज्यादा सोना या अनिद्रा, ओवर ईटिंग या भूख न लगना, हीन भावना, आत्मविश्वास में कमी, डिप्रेशन के लक्षणों में शामिल हैं।

**बचाव-उपचारः** अपनी रुचि से जुड़े कार्यों में स्वयं को व्यस्त रखें, खुशमिजाज लोगों से दोस्ती बढ़ाएं, कॉमेडी शोज देखें, बच्चों के साथ वक्त बिताएं, घूमने-फिरने जाएं, धार्मिक गतिविधियों में शामिल हों, बागवानी करें या घर में कोई पालतू जानवर रखें। ऐसे छोटे-छोटे प्रयास डिप्रेशन दूर करने में मददगार होते हैं। जरूरत महसूस होने पर साइकिएट्रिस्ट से सलाह लें। ❁

प्रस्तुतिः विनीता

आप नया घर बनवा रही हैं या पुराने घर का रिनोवेशन करवा रही हैं तो आप जरूर किचेन को भी आकर्षक डिजाइन में देखना चाहेंगी। इसलिए हम आपको यहां बता रहे हैं, कुछ मॉडर्न किचेन डिजाइंस के बारे में।

## अट्रैक्टिव-कंफर्टेबल मॉडर्न किचेन डिजाइन

इंटीरियर
रेणु लैसी फ्रांसिस

हर घर में रसोई यानी किचेन का खास महत्व होता है। यहीं पर आप पूरे परिवार के लिए खाना-नाश्ता बनाती हैं। होम मेकर्स के दिन का काफी समय यहीं बीतता है। इसलिए इसका इंटीरियर न केवल आकर्षक बल्कि सुविधाजनक भी होना चाहिए। हालांकि पुराने दौर में घरों में जिस तरह के किचेन हुआ करते थे, आज उसके स्वरूप में काफी बदलाव हुए हैं। जैसे-जैसे तकनीक में सुधार हुआ, किचेन में सुविधाएं भी बेहतर होती गई हैं। आजकल मॉड्यूलर किचेन महिलाओं की पहली पसंद बन रही है। नए इंटीरियर ट्रेंड में किस तरह के किचेन पसंद किए जा रहे हैं, आप जरूर जानना चाहेंगी।



**ओपन किचेनः** आजकल विदेशों की तरह अपने यहां भी घरों में ओपन किचेन लोगों की पहली पसंद बनता जा रहा हैं। यह डायनिंग रूम और हॉल के साथ ही बनाए जाते हैं। ओपन किचेन में कोई दरवाजा नहीं होता, यह बिल्कुल खुला हुआ होता है। चारों तरफ से रोशनी और हवा आती रहती है। आप इस किचेन में काम करते हुए अन्य लोगों से बातचीत भी कर सकती हैं। आप किसी इंटीरियर डिजाइनर की सलाह से ओपन किचेन बनवा सकती हैं।



**वाल किचेनः** छोटी जगह के लिए वाल किचेन एक अच्छा ऑप्शन है। आजकल लोग एक दीवार वाला किचेन ज्यादा बनवाना पसंद कर रहे हैं। आप रसोई के सामानों को एक दीवार के साथ व्यवस्थित रख सकती हैं। जिससे सब कुछ आसानी से एक ही जगह मिल जाता है। किचेन में सामानों को स्लाइडिंग दरवाजे के पीछे या कैबिनेट के भीतर रखा जा सकता है। आप एक सामान के ऊपर दूसरा सामान भी रख सकती हैं, जिससे छोटी जगह का भी उपयोग ईजीली हो जाता है।

**एल शेप किचेनः** आजकल एल शेप के किचेन भी काफी बनवाए जा रहे हैं। यह छोटी और बड़ी दोनों जगहों पर आसानी से बन जाता है। इसमें आप कम जगह में ज्यादा सामान को आसानी से स्टोर कर सकती हैं। कुकिंग एरिया और स्टोर को अलग दो भाग में बनाने के लिए आजकल एल शेप के किचेन ज्यादा बनाए जा रहे हैं। एक तरफ खुली जगह जहां आप खाना बना सकती हैं। दूसरे भाग में आप सामान रख सकती हैं। अगर आपके पास छोटा किचेन स्पेस है तो एल शेप का किचेन बनवा सकती हैं।

**पैरेलल किचेनः** ऐसा किचेन कम जगह में आसानी से बन जाता है। अगर आपके घर में स्मॉल गैलरी जैसा शेप है तो आप यहां पैरेलल किचेन बनवा सकती हैं और किचेन को क्लासिक लुक भी दे सकती हैं। पैरेलल किचेन में एक समय में एक से अधिक व्यक्ति काम नहीं कर पाते हैं।



**यू शेप किचेनः** आपके घर में ज्यादा और बड़ी जगह है तो आप यू शेप का किचेन बनवा सकती हैं। इसमें आपको स्पेशियस स्टोरेज की सुविधा मिलेगी। यू शेप के किचेन में आप आसानी से सिंक, कुकटॉप, ओवन और रेफ्रिजरेटर को रख सकती हैं। यू शेप के किचेन में दो-तीन लोग आराम से एक साथ काम कर सकते हैं। आपका परिवार बड़ा है तो यू शेप किचेन को बनवाने में ही समझदारी है। ❁

**(इंटीरियर डिजाइनर वरिजा बजाज से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप



### भगवान शिव का अवतार थे गुरु गोरखनाथ : जैन

**सोनीपत।** गुरु गोरखनाथ नाथ संप्रदाय के योगी एवं महान संत थे जिन्होंने पूरे देश का भ्रमण कर सामाजिक विषयों पर अनेक ग्रंथो की रचना की, जिन्हें पढ़कर आज पूरे देश का कल्याण हो रहा है। गुरु गोरखनाथ को भगवान शिव का अवतार माना जाता है। उक्त विचार गुरु गोरखनाथ प्रकट दिवस के अवसर पर नगर निगम मेयर राजीव जैन ने जोगी धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। इस अवसर पर हवन यज्ञ का एवं भंडारे का भी आयोजन किया गया। राजीव जैन ने गुरु गोरखनाथ के नाम पर चौक का निर्माण करवाने का आश्वासन दिया।

### वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट वेस्ट सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित वरदान उर्फ कल्लू निवासी बागपत यूपी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### चाकू से हमला कर घायल करने का लगाया आरोप

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर नाथूपुर फ्लाईओवर कार सवार युवकों ने कैब चालक पर लोहे की रॉड और चाकू से हमला करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि हमलावर चार हजार रुपये भी छीन ले गए। पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। भागोमाजरा मोहाली पंजाब निवासी हरदीप सिंह ने बताया कि वह बालाजी ट्रेवल्स में कैब चलाता है।



### रजत पदक विजेता को सम्मानित किया

**गन्नौर।** शिमला में आयोजित राष्ट्रीय बीच ग्रेपलिंग कुश्ती प्रतियोगिता में गन्नौर के राजकीय महाविद्यालय के छात्र आर्यन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। यह प्रतियोगिता 12 से 14 अप्रैल तक शिमला के डीएवी स्कूल में आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न राज्यों के पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। इसमें राजकीय महाविद्यालय गन्नौर में बीए प्रथम वर्ष के छात्र आर्यन ने 58 किलोभार वर्ग में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। गन्नौर लौटने पर राजकीय महाविद्यालय में आर्यन का स्वागत किया गया।

---

### कामी रोड पर वीटा बूथ का लोकार्पण करने धर्मपत्नी सहित पहुंचे डॉ. अरविंद शर्मा

# हरियाणा किसी का हक छीनता नहीं अपना छोड़ता नहीं: सहकारिता मंत्री

### पाकिस्तान चालाक और शातिर, भारत ने हर मोर्चे पर दिया कड़ा जवाब : डॉ. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें केबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा और उनकी धर्मपत्नी डॉ. रीटा शर्मा का स्वागत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि पाकिस्तान बड़ा शातिर और चालाक देश है। उन्होंने कायराना हरकत की, जिसका भारतीय सेना ने देश की भावना के अनुरूप मुंहतोड़ जवाब दिया। पाकिस्तान के इरादों पर ऑपरेशन सिन्दूर के माध्यम से 9 आतंकी ठिकानों को नेस्तानाबूद किया गया। उन्होंने कहा कि सेना की सटीक कार्यवाही की बदौलत आज सीमा पर शांति का माहौल है। आज देश भी चौकस है और देश की सेना भी। उनके द्वारा किसी भी हिमाकत का भविष्य में भी कड़ा जवाब दिया जाएगा।

सोमवार को सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा व उनकी धर्मपत्नी डॉ. रीटा शर्मा सोनीपत में कामी रोड पहुंचे तथा श्याम महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप द्वारा स्थापित वीटा बूथ का लोकार्पण किया। डॉ. अरविंद शर्मा ने पंजाब द्वारा हरियाणा को पानी देने को लेकर बढ़ाए गए तनाव पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश जब पाकिस्तान के साथ तनाव से जूझ रहा था, उस समय पंजाब की सरकार पानी पर अटकी हुई थी। उन्होंने कहा कि हरियाणा का दिल बहुत बड़ा है। वो न तो किसी दूसरे का हक छीनता है और न ही अपना हक छोड़ता है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार को अदालत और भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड के निर्णयों का सम्मान करना चाहिए।

#### प्रदेश में स्थापित होंगे 350 वीटा बूथ

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की घोषणा के अनुरूप इस साल प्रदेश में 350 नए वीटा बूथ स्थापित किए जाएंगे। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह देश के हर परिवार को सहकार से जोड़ने के संकल्प पर आगे बढ़ रहे हैं। इसी क्रम में हरियाणा सरकार ने भी वर्तमान वित्त वर्ष में सहकारिता विभाग को 58.8 प्रतिशत अधिक बजट आबंटित किया है। उन्होंने कहा कि डेयरी फेडरेशन इस साल प्रदेश में 15 प्रतिशत अधिक दूध संकलन के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेगा। वहीं मुख्यमंत्री दूध प्रोत्साहन योजना के तहत दूध उत्पादकों के लिए 70 करोड़ रुपए का अतिरिक्त आबंटन उत्साहवर्धक है। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर चिलिंग प्लांट स्थापित करने व हर खण्ड में दूध संकलन केंद्र स्थापित करने की कार्ययोजना पर काम किया जा रहा है।

---



सोनीपत । साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यशाला में विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### साउथ पॉइंट विद्यालय में दो दिवसीय सीबीएसई कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम

**सोनीपत।** साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय सीबीएसई कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसका विषय स्पेसिफिक (मैथेमेटिक्स) रहा। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल से कविता अरोड़ा व स्वास्तिक कॉन्वेंट स्कूल से मीनाक्षी सरोहा ने शिरकत की। जिन्होंने शिक्षकों को गणित की बारीकियों से अवगत कराया। साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल की प्राचार्य भावना कालरा ने अतिथियों का स्कूल पहुंचने पर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।प्राचार्य भावना कालरा ने बताया कि दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 9 व 10 मई को किया गया, जिसमें सीबीएसई से संबंधित विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों ने भाग लिया। रिसोर्स पर्सन मिस कविता अरोड़ा व मिस मीनाक्षी सरोहा ने सभी प्रतिभागी शिक्षकों को क्षमता निर्माण कार्यक्रम और इसके विषय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रिसोर्स पर्सन ने प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यशाला में मूल्यांकन संरचना में हाल के बदलाव, शिक्षण प्रक्रिया में सामने आने वाली चुनौतियों, मूल्यांकन के तरीके, प्रश्नपत्रों की बनावट, कक्षा प्रबंधन कौशलों पर विस्तार से प्रकाश डाला और विषय संवर्धन के साथ नौवीं से 12वीं कक्षाओं के लिए मूल्यांकन संरचना पर भी चर्चा की गई।

---

## तनाव प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



सोनीपत । अध्यापकों से मुखातिब रिसोर्स पर्सन ज्योति मलिक। फोटो : हरिभूमि

सांपला रोड स्थित एपी गर्ग पब्लिक स्कूल में तनाव प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें तीन स्कूलों - एपी गर्ग पब्लिक स्कूल, मनोदेव स्कूल, तक्षशिला स्कूल के अध्यापक शामिल थे। इस सेमिनार की रिसोर्स पर्सन ज्योति मलिक द्वारा उपस्थित अध्यापकों से पूछा गया कि तनाव क्यों होता है? उपस्थित अध्यापकों ने अपने-अपने तर्क दिए और बताया कि जब समस्याओं का समाधान नहीं होता, तो स्ट्रेस होता हैं। काम के बोझ से, काम समय पर न हो तो स्ट्रेस होता है। ज्योति मलिक ने बताया कि स्ट्रेस के और भी बहुत कारण हो सकते हैं जैसे कि भावात्मक, मानसिक, शारीरिक व सामाजिक और स्ट्रेस एक आंतरिक क्रिया है जो कि किसी बाहरी कारण से होती है। जैसे मौसम बदलने के कारण, परीक्षा के समय, पारिवारिक कलह, समूह दबाव और किसी से कहा सुनी हो जाने पर स्ट्रेस हो जाना। कई बार आंतरिक कारणों से स्ट्रेस होना जैसे कि अपनी योग्यताओं पर विश्वास न होना, ऊर्जा की कमी, किसी चीज में कम इंटरेस्ट दिखाना, कार्य क्षमता में कमी होना आदि। स्ट्रेस को बार- बार आम जीवन के उदाहरण द्वारा समझाया गया।

## बायोग्राफिकल स्केच प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते शिक्षक।

सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के दिन जेएलएन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना में महात्मा बुद्ध के जीवन पर बायोग्राफिकल प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता की अध्यक्षता विद्यालय के एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। निर्णायक मंडल में उप प्राचार्य सूरत शर्मा और शिक्षक कुलदीप शामिल रहे।प्रतियोगिता में कक्षा 10वीं के छात्र अनुराग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 8वीं की छात्रा अनुष्का द्वितीय और वंशिका तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने कहा कि भगवान बुद्ध के बचपन का नाम सिद्धार्थ था। महात्मा बुद्ध को भगवान विष्णु का 9वां अवतार माना गया है। बुद्ध पूर्णिमा का पर्व न सिर्फ भारत में बल्कि दुनिया के कई अन्य देशों में भी पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रियंका, मंजीत व सोनू शर्मा मौजूद रहे।

---

### जीवीएम कन्या कॉलेज की खुशी ने ऑनलाइन कविता पाठ प्रतियोगिता में जीता सांत्वना पुरस्कार



**सोनीपत।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के तत्वावधान में संपन्न ऑनलाईन कविता पाठ प्रतियोगिता में जीवीएम गर्ल्स कालेज की बीकॉम ऑनर्स तृतीय वर्ष की छात्रा खुशी ने सांत्वना पुरस्कार जीता। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने खुशी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।प्रतियोगिता की संयोजक प्राध्यापिका रूचिका विरमानी ने बताया कि सेलिब्रेटिंग शी पावर विषय के अंतर्गत काव्य पाठ का सफल आयोजन किया गया, जिसमें जीवीएम की ओर से खुशी के अलावा कोमल, राधिका और अलंकृता त्यागी ने भी प्रतियोगिता में शिरकत की। महिला सशक्तिकरण के तहत आयोजित प्रतियोगिता में खुशी ने सफलता हासिल की। इस मौके पर संयाजक प्राध्यापिका रूचिका विरमानी ने भी खुशी को बधाई दी।

## नर्सिंग ऑफिसर अस्पताल की रीढ़ की हड्डी

- डीसी जैन नर्सिंग कॉलेज में मनाया अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस जीवन में ईमानदार और सत्य निष्ठ रहने की शपथ दिलाई




सोनीपत। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते।

सोनीपत। अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के मौके पर डीसी जैन नर्सिंग कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मनीष जैन डायरेक्टर सरिता जैन कॉलेज ऑफ फार्मेसी ने नर्सिंग ऑफिसर्स को संबोधित करते कहा कि इस बार अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस की थीम है हमारी नर्स हमारा भविष्य। यह थीम नर्सों के स्वास्थ्य और कल्याण पर केंद्रित है। इस अवसर पर जनता हॉस्पिटल गुड़मंडी के मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. कपिल ने कहा की नर्सिंग ऑफिसर किसी भी अस्पताल की रीढ़ की हड्डी है। वह ही डॉक्टर की नाक कान है। डीसी जैन शिक्षा समिति के प्रधान डा. आदीश जैन ने सभी नर्सिंग ऑफिसर्स को शपथ दिलवाई की वह अपने प्रोफेशन में और व्यक्तिगत जीवन में ईमानदार एवं सत्य निष्ठ रहेंगे। जनता अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. राजबाला व डीसी जैन कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रिंसिपल मीनू मलिक ने भी बच्चों को संबोधित किया। इस अवसर पर डीसी जैन सीनियर सेकेंडरी के मैनेजर डॉ. राकेश जैन एवं एसजे इंटरनेशनल स्कूल के मैनेजर एडवोकेट सूरज राय जैन, डीसी जैन कॉलेज का एजुकेशन की प्रिंसिपल डॉ. अमित जैन, मनीष जैन, डॉ. राजबाला, डॉ. कपिल एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### बाबा हनुमान नाथ की पंचधुनी तपस्या जारी



सोनीपत । संकीर्तन में भाग लेती महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

लहराड़ा में बाबा हनुमान नाथ महाराज की पंचधुनी तपस्या चल रही है। तपस्या के पांचवें दिन परिसर में संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान दादा मोहनदास धाम के महंत बाबा विजयनाथ महाराज ने बताया कि तपस्या का मकसद सर्व कल्याण है। इस मौके पर महिलाओं ने संकीर्तन किया और भजन सत्संग किया। कार्यक्रम में सुनील बैरागी, बाबा देवीनाथ, ओमनाथ, महेश पुजारी, मनजीत सरोहा, संजय सरोहा, प्रदीप, सुमित सरोहा आदि मौजूद रहे।

---

## मातृ दिवस पर बुजुर्ग महिलाएं सम्मानित



सोनीपत। बुजुर्ग महिला भरपल देवी को सम्मानित करते।

**गोहाना।** ग्राम सुधार समिति खन्दराई द्वारा गांव में मातृ दिवस मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष जगमहेंद्र ने की। इस समारोह में गांव के भूतपूर्व सैनिक धर्म सिंह कश्यप की पत्नी एवं बुजुर्ग महिला भरपल देवी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।समिति अध्यक्ष जगमहेन्द्र सिंह ने कहा कि मातृ दिवस सबसे पहले अमेरिका की एना जार्विस नाम की लड़की ने अपनी मां के प्यार और याद में मनाना शुरू किया था। इसके बाद अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने 8 मई 1914 को आधिकारिक तौर पर इस बात की घोषणा की थी कि प्रत्येक वर्ष मई के दूसरे रविवार को मातृ दिवस मनाया जाएगा। इसकी शुरुआत एक व्यक्तिगत श्रद्धांजलि के रूप में हुई थी जो बाद में एक व्यापक उत्सव बन गया। कार्यक्रम में समिति सदस्य बिट्टू कश्यप, कुलदीप सिंह चौकीदार, साहिल बमहनिया, कुलदीप मेहरा, गीता देवी, कृष्णा देवी, अन्नू देवी, सुनीता, राजपूती देवी, अंगूरी देवी, महेश्वरी देवी, कमलेश देवी व मुकेश देवी मौजूद रहे।

## सरकार के नाम डीसी को सौंपा अपना समर्थन पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




सोनीपत। लघु सचिवालय पहुंचें पूर्व सैनिक। फोटो : हरिभूमिसा

देश की सीमा पर बने युद्ध जैसे हालात के बीच सोनीपत जिले के पूर्व सैनिकों ने एकजुट होकर देश के प्रति अपने जज्बे और निष्ठा को दोहराया। पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों से गूंजते जिला लघु सचिवालय परिसर में आज पूर्व सैनिक वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने सरकार के नाम उपायुक्त को अपना समर्थन पत्र सौंपा। सोसाइटी के अध्यक्ष सत्यपाल काजला के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में पूर्व सैनिकों ने जिला उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित एक विस्तृत समर्थन पत्र भेजा। इस पत्र में देश पर आए संभावित संकट की घड़ी में हर प्रकार से सहायता देने की प्रतिबद्धता दोहराई गई है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कप्तान ओम पाल, सूबेदार रण सिंह राणा, सूबेदार जोगिंदर सिंह, सूबेदार वीरेंद्र, हवलदार रवींद्र, हवलदार श्री पाल सहित कई अन्य पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

---

### मुख्यातिथि ने बुद्ध की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की

# भगवान महात्मा बुद्ध के साहित्य को पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जाए

### बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के साथ परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। फोटो :हरिभूमि

बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने डॉ. पूर्णमल गौड़ के आवास पर एक कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनोज कुमार मुख्य अतिथि व राष्ट्रीय सचिव प्रवीण आर्य विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के प्रांतीय मार्गदर्शक डॉ. पूर्णमल गौड़ ने की। कार्यकारी अध्यक्ष नरेश आकाश ने सभी सदस्यों का परिचय कराया। मुख्य अतिथि समेत सभी सदस्यों ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की। अध्यक्ष प्राचार्य गीतांजलि ग्रोवर ने सभी अतिथियों का पुष्पमाला व शाल ओढ़ा कर स्वागत सम्मान किया। परिषद अध्यक्ष डॉ. गीतांजलि ग्रोवर ने सोनीपत इकाई के कार्यक्रमों की विस्तार से रिपोर्ट पढ़ी।

मुख्य अतिथि मनोज कुमार ने इस वर्ष के तीन राष्ट्रीय कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परिवार विषय पर कहानी स्पर्धा आयोजित की जाए, साहित्यकारों के मध्य संघ साहित्य पर चर्चा हो तथा प्रत्येक इकाई से 7, 8, 9 नवंबर को राष्ट्रीय अधिवेशन रीवा मध्य प्रदेश में प्रतिभागीता हो। इसके साथ उन्होंने कहा कि प्रत्येक इकाई अपना वार्षिक नियोजन बनाए, युवा विद्यार्थियों को जोड़ने की योजना बनाई जाए, गुणात्मक साहित्य की रचना की जाए और पुस्तकों का मंच पर विमोचन किया जाए, राष्ट्रीय स्वर का विचारों में मुख्य रूप से समावेश हो। उन्होंने महात्मा बुद्ध के जीवन पर विस्तार देते उनके संदेश का मूल सूत्र स्थापित किया कि सम्यक ज्ञान का निर्देशन हो और अपने साहित्य सृजन में बुद्ध की शिक्षाओं का शामिल किया जाए। बुद्ध का अभिप्राय ही ज्ञान है, इसलिए महात्मा बुद्ध के साहित्य को भी पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जाए। अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉ. पूर्णमल गौड़ ने भगवान बुद्ध की जीवन पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए उनकी शिक्षाओं पर अनुसरण करने का आग्रह किया।

#### सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया

इस अवसर पर वर्तमान के संदर्भ में एक काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें सुप्रसिद्ध कवित्री कमलेश मलिक ने ऑपरेशन सिंदूर के विषय में रचना पड़ी ....सुबह नहीं होगी दुश्मन की, फिर से सिंदरी श्याम लिखेंगे। जिस पर कब्जा किए हुए हैं, उस पर भारत धाम लिखेंगे।। राष्ट्रीय सचिव प्रवीण वर्मा, गीता सैनी ने भी अपनी रचनाएं सुनाई। इस अवसर पर इकाई सचिव गीता सैनी द्वारा रचित गीतांजलि काव्यसंग्रह का भी विमोचन किया गया। प्राचार्या सुखदा नागपाल ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## महात्मा बुद्ध ने दी अहिंसा और त्याग को अपनाने की सीख



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष्य में सोमवार को काठ मंडी में भगवान बुद्ध की जयंती मनाई गई। व्यापारियों ने भगवान बुद्ध के उपदेशों पर चलकर प्रेमभावना के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। काठ मंडी टिम्बर एसोसिएशन के प्रधान पवन तनेजा ने भगवान बुद्ध को माल्यार्पण करते हुए कहा कि महात्मा बुद्ध ने किसी भी तरह की हिंसा न करने तथा जीवन में त्याग की भावना को अपनाने की सीख दी।भाजपा मंडल उपाध्यक्षा वीना तनेजा ने मिठाई बांट कर खुशी जाहिर करते हुए भगवान गौतम बुद्ध की जीवनी पर प्रकाश डाला। असत्य को अपने आचरण में ना उतारने और सत्य के मार्ग पर चलने का उपदेश दिया। इस मौके पर टिम्बर एसोसिएशन के सलाहकार महेंद्र गोयल, महासचिव चंद्र प्रकाश लूथरा, संदीप कौशिक, विजय पंवार, पवन रिवाड़ीया, हंसराज बंसल, कबूल सिंह राठी, पवन गोयल, गोविंद लाल बत्रा, संजय खतरेजा, मंजीत पांचाल, देवदत्त आर्य, राम चन्द्र बिल्लू, महिपाल, प्रिंस यादव, अरुण गर्ग, शिव कुमार धीमान आदि व्यापारी मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, आनन्द कटारिया पुत्र श्री हवा सिंह निवासी मकान नं. 826/7 अनिल विहार वार्ड नं. 31, सोनीपत हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र हैदर सिंह जिसको घर पर व समाज में अनव्य कटारिया के नाम से पुकारा जाता है। भविष्य में मैं उक्त पुत्र हैदर सिंह का नाम अनव्य कटारिया के रूप में बदलना चाहता हूं।

**सरपंच ग्राम पंचायत गढ़ी उजाले खां**
**खण्ड गोहाना (सोनीपत)**
**मो. 9050195174**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गढ़ी उजाले खां में कार्यरत सफाई कर्मचारी की मृत्यु के उपरान्त एक सफाई कर्मचारी की नियुक्ति की जानी है। आवेदनकर्ता गढ़ी उजाले खां गांव का निवासी होना चाहिए। इच्छुक व्यक्ति इस पद पर लगने हेतु दिनांक 02/06/25 से दिनांक 04/06/2025 तक आवेदन कर सकता है। आवेदन पत्र शाम 5 बजे तक खंड कार्यालय गोहाना में लिए जाएंगे तथा साक्षात्कार खण्ड कार्यालय गोहाना में दिनांक 09/06/25 को प्रातः 10:00 बजे लिया जाएगा। उपरोक्त पद के लिए निम्न योग्यताएं वांछित हैं-
1. आवेदक गांव का स्थाई निवासी होना चाहिए।
2. आवेदक की उम्र 18 से 55 वर्ष के बीच हो।
3. आवेदक शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत गढ़ी उजाले खां
खण्ड गोहाना (सोनीपत)

## खबर संक्षेप

### इनेलो नेता अनूप दहिया की पत्नी का निधन

**खरखौदा।** पूर्व पुलिस अधीक्षक एवं द्रोणाचार्य अवार्डी अनूप सिंह दहिया की धर्मपत्नी मूर्ति देवी का निधन हो गया है। इनेलो नेता अनुप सिंह के अनुसार सोमवार तड़के हृदयाघात से उनकी पत्नी का देहांत हो गया। वह 62 वर्ष की थी। दोपहर बाद सिसाना स्थित श्मशान घाट में उनकी अंत्येष्टि की गई। मूर्ति देवी की अंतिम यात्रा में ग्राम वासियों के अलावा खेल जगत, सामाजिक संस्थाओं व राजनीतिक हस्तियों ने शिरकत की। दिवंगत को श्रद्धांजलि देने वालों में इनेलो नेता कृष्ण मलिक, बाल किशन शर्मा, कांग्रेस नेता राहुल दहिया, अनाज मंडी आढ़ति एसोसिएशन के प्रधान नरेश दहिया, रणदीप दहिया आदि शामिल रहे।

### खेत में गए किसान का दोपहिया वाहन चोरी

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव किलोहड़द में किसान के खेत से दोपहिया वाहन के चोरी होने का मामला सामने आया है। किसान ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव किलोहड़द निवासी नीरज ने बताया कि वह अपने खेत में अपनी बाइक लेकर गया हुआ था। बाइक को खेत में सड़क के किनारे खड़ी करके खेत में काम करने के लिए चला गया। वह काम खत्म करके वापस आया। उसकी बाइक गायब मिली।

### अवैध हथियार सहित एक युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट सेक्टर-23 सोनीपत पुलिस टीम ने हत्या प्रयास व लूट की वारदात में शामिल आरोपित को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रोहित उर्फ टॉफी निवासी सैंया खेड़ा का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सहायक उप निरीक्षक राकेश की टीम ने गश्त के दौरान सैया खेड़ा के पास से युवक को पकड़ा और उससे दो पिस्तौल व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए।

### मरीजों की सुविधा के लिए प्रबंधन ने उठाया कदम

# नागरिक अस्पताल की लैब को मिली ब्लड कलेक्शन चेयर की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला नागरिक अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए प्रबंधन की तरफ से जरूरी कदम उठाने का काम किया जा रहा है। प्रबंधन की तरफ से लैब में मरीजों को सुविधा बढ़ाने का काम किया जा रहा है। प्रबंधन की तरफ से लैब में मरीजों को ब्लड कलेक्शन चेयर की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। एक कुर्सी पुरुष लैब मरीजों के लिए और दो कुर्सियां महिला लैब में मरीजों के लिए उपलब्ध करवाई गई हैं। अब मरीज स्टूल के बजाय कुर्सियों पर बैठकर मरीज रक्त के नमूने दे सकेंगे। ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

बता दें के नागरिक अस्पताल सोनीपत में हर रोज करीब 1800 से ज्यादा ओपीडी संख्या है। वहीं अस्पताल में भर्ती मरीजों व प्रसूताओं के लिए प्रयोगशाला में 24 घंटे जांच की सुविधा उपलब्ध है। प्रयोगशाला में रक्त, मधुमेह, पीलिया, टाइफाइड, गर्भवती महिलाओं की विभिन्न तरह की जांच होती है। अस्पताल में सैंपल एकत्रित करने के लिए महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग कक्ष है। अस्पताल में चिकित्सक हर रोज 300 से ज्यादा मरीजों को रक्त व अन्य जांच के लिए उनकी पर्ची पर लिखते है। लैब में मरीजों को स्टूल पर बैठकर रक्त जांच करानी पड़ती है। जिससे रक्त लेते समय हाथ पैर भी अचानक हिल जाते है। जिससे स्वास्थ्य कर्मियों को रक्त लेने में परेशानी होती है। अब अब मरीजों के लिए ब्लड कलेक्शन चेयर उपलब्ध कराई गई है। इस कुर्सी पर कोहनी तक हाथ रखने की सुविधा दी गई है।


**सोनीपत।** लैब में स्थापित की गई चेयर। फोटो :हरिभूमि

#### गर्भवती के लिए होगा अलग कुर्सी का प्रबंध

लैब में सैंपल देने वाले मरीजों की सुविधा के लिए ब्लड कलेक्शन चेयर उपलब्ध कराई गई है। एक कुर्सी पुरुष मरीजों के लिए, दूसरी कुर्सी महिला मरीजों के लिए और तीसरी कुर्सी गर्भवती महिलाओं के लिए आरक्षित की गई है। मरीज व महिलाएं इन कुर्सियों पर बैठकर अपने रक्त के नमूने आसानी से दे सकेंगे। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से हर संभव बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने का कार्य किया जा रहा है।
*-डॉ. ज्योत्सना, जिला स्वास्थ्य अधिकारी।*


राई। विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत जनता दरबार में समस्या सुनते हुए।

## लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से होगा : गहलावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने अपने कैंप कार्यालय में जनता दरबार लगाकर जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए समाधान के लिए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों की हर प्रकार की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा। विधायक कृष्णा गहलावत ने नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन करते हुए लोगों की समस्याओं के समाधान को जारी रखा। उन्होंने मुकीमपुर से नई बसौदी रोड की विशेष मरम्मत के लिए 82 लाख 25 हजार 948 रुपये की स्वीकृति दिलाई। उन्होंने बढ़ मलिक, जठेड़ी व राई में प्लाटों के आवंटन के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। नाहरी में खेल मैदान में शैड की व्यवस्था के भी निर्देश दिए। सबोली के हाई स्कूल को अपग्रेड करवाने के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए। विधायक ने खुर्रमपुर में किसानों के गन्ना फसल की बकाया राशि के जल्द भुगतान के लिए विशेष निर्देश दिए। महात्मा गांधी आवास आयोजना के तहत गांव दहिसरा में बिजली के कनैक्शन देने के भी जरूरी निर्देश दिए। साथ में उन्होंने बख्तावरपुर में गंदे पानी की निकासी के लिए भी अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पार्षद विक्रांत चौहान, कृष्ण, आनंद दहिया, नरेंद्र वर्मा, अजीत आंतिल, चतर सिंह फौजी, शेखर मुरथल, योगेश जठेड़ी आदि मौजूद रहे।

## नैतिक मूल्य चरित्र निर्माण में सहायक : राजबीर शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



नैतिक मूल्य किसी भी व्यक्ति के चरित्र निर्माण की आधारशिला होते हैं। ये मूल्य व्यक्ति को सही और गलत के बीच अंतर करने में मदद करते हैं जिससे व्यक्ति बेहतर निर्णय लेने में सक्षम बनता है। ये विचार गोहाना के गांधी नगर स्थित एमआर पब्लिक स्कूल के एमडी राजबीर शर्मा ने व्यक्त किए और युवा पीढ़ी को पढ़ाई के साथ नैतिक मूल्य अपनाने पर जोर दिया। राजबीर शर्मा ने कहा कि कोई भी व्यक्ति चाहे कितनी भी उच्च स्तर की शिक्षा ग्रहण कर ले अगर उसमें नैतिक मूल्यों का अभाव है तो वह शिक्षा किसी काम की नहीं है। नैतिक मूल्यों से ही व्यक्ति में ईमानदाररी, कर्तव्यनिष्ठा, सहानुभूति, व्यवहारिकता और करुणा जैसे सद्गुणों का विकास होता है। एमडी राजबीर शर्मा ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी में नैतिक मूल्यों का अभाव एक बड़ी चिंता का विषय है। एक बेहतर इंसाान के रूप में अगर हमें अपने परिवार, समाज व देश के विकास में सहभागी बनना है तो उसके लिए पढ़ाई के साथ नैतिक मूल्यों का समावेश अति आवश्यक है।

## विधायक कादियान ने सुनी समस्याएं, लोग बोले भाखरपुर गांव से शराब का ठेका हटाया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



- विधायक देवेंद्र कादियान जनता दरबार में हलकावासियों की समस्या सुनते हुए।
- जनता दरबार में पानी और बिजली से सबंधित शिकायत भी आई

विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को अपने निजी कार्यालय में जनसुनवाई की। दरबार में काफी संख्या में लोग पहुंचे। बिजली, पानी, सफाई, स्वास्थ्य सेवाएं और पेंशन से जुड़ी समस्याएं रखी गईं। कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। चटिया औलिया गांव के लोगों ने पानी की निकासी बंद होने की शिकायत की। विधायक ने तुरंत अधिकारियों से बात कर समाधान के निर्देश दिए। भाखरपुर गांव की महिलाओं ने आबादी के बीच से शराब ठेका हटाने की मांग की। उन्होंने बताया कि ठेके के बाहर नशे में धुत असामाजिक तत्व हुड़दंग करते हैं। गांधी नगर, शिवालिक पब्लिक स्कूल के पास की गलियों की हालत खराब है। अधिकतर गलियां कच्ची हैं। जहां निर्माण हुआ है, वहां पानी की व्यवस्था नहीं है। बारिश में जलभराव हो जाता है। लोगों ने समाधान की मांग की। विधायक कादियान ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लिया। संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात कर जल्द समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई को प्रभावी और परिणाम देने वाला बनाना उनकी प्राथमिकता है। विधायक ने बताया कि पांची जाटान गांव में पानी का नया ट्यूबवेल लगाया जाएगा। इस अवसर पर इनाम, सुरेश, कर्मबीर सरपंच, त्रिलोक शर्मा, अंकित मल्होत्रा, कुलदीप, नरेश कुमार, उमेद सिंह, ईश्वर सिंह, ओमप्रकाश मौजूद रहे।

### बुद्ध पूर्णिमा पर पूर्व जिला अध्यक्ष के कार्यालय में गौतम बुद्ध को श्रद्धांजलि दी गई



**सोनीपत।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सोमवार को भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा के कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महात्मा बुद्ध को पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने भगवान गौतम बुद्ध के जीवन, विचारों और उनके विश्व कल्याणकारी योगदान पर प्रकाश डाला। पूर्व जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा ने कहा कि आज जब समाज में संघर्ष, असमानता और अशांति फैल रही है, ऐसे में बुद्ध के विचार पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलकर समाज में शांति, सहिष्णुता और प्रेम का वातावरण बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गौतम बुद्ध न केवल मानवता के प्रतीक, बल्कि विश्व को सर्वप्रथम सभ्यता, समानता और करुणा का पाठ पढ़ाने वाले महान वैज्ञानिक, चिकित्सक और समाजशास्त्री थे। उनके ज्ञान और दर्शन ने पूरे विश्व को आलोकित किया और आज भी उनके सिद्धांत मानव समाज को दिशा दिखा रहे हैं। इस अवसर पर नरेंद्र मलिक, कृष्ण भारद्वाज, नागेंद्र गहलावत, बलजीत शामड़ी, संजू सुरा, सुनील भारद्वाज, रामकिशन मेहरा, रवि कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने बुद्ध जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।


गन्नौर। प्रधानाचार्य रमेश पहल, संस्था के प्रधान अंग्रेज पहल छात्रा ज्योति राठी को सम्मानित करते हुए।

### खेलों इंडिया यूथ नेशनल अंडर-19 कबड्डी गेम्स में ज्योति ने स्वर्ण पदक जीता

**गन्नौर।** खेड़ी गुज्जर रोड़ स्थित शिवालिक पब्लिक स्कूल गन्नौर की 12वीं कक्षा की छात्रा ज्योति राठी ने खेलों इण्डिया यूथ नेशनल अंडर-19 कबड्डी गेम्स में हरियाणा की टीम की तरफ से खेलते हुए स्वर्ण पदक जीता। प्रधानाचार्य रमेश पहल ने बताया कि खेलों का आयोजन 4 मई से 8 मई तक बिहार में हुआ। यह मुकाबला हरियाणा लड़कियों की कबड्डी टीम ने 42-24 से जीत लिया। स्वर्ण पदक जीत के उपलक्ष्य में विद्यालय के प्रांगण में छात्रा का स्वागत ढोल नगाड़ो से किया गया। प्रधानाचार्य रमेश पहल ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्रा के स्वर्ण पदक जीतने की ख़ुशी में विद्यालय की तरफ से संस्था के प्रधान अंग्रेज पहल ने छात्रा ज्योति राठी को 3100 रूपये देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य रमेश पहल ने बताया कि ज्योति ने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

## 10 नई माटी पाठशालाओं की शुरुआत, 30 से अधिक ईंट भट्टों के 500 बच्चे निशुल्क शिक्षा ग्रहण करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शिक्षा को अंतिम पंक्ति के बच्चों तक पहुंचाने के लिए दिशा ट्रस्ट और उमंग स्कूल ने लर्निंग फाउंडेशन आफ इंडिया के सहयोग से 10 नई माटी पाठशाला की शुरुआत की। इस अवसर पर जैन गर्ल्स कालेज में शुभारंभ समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, लर्निंग फाउंडेशन आफ इंडिया के निदेशक रमन बहल, दिशा ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित जैन, अंकित मल्हौत्रा, सचिव मुकेश दिगानी सहित सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, शिक्षकों और स्थानीय नेताओं ने भाग लिया। मुकेश दिगानी ने बताया कि यह पाठशाला उन प्रवासी श्रमिक परिवारों के बच्चों के लिए शुरू की गई है जो सामाजिक, आर्थिक और भौगोलिक अस्थिरता के कारण शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। इन पाठशालाओं में गन्नौर के 30 से अधिक ईंट भट्टों पर रहने वाले प्रवासी परिवारों के 500 बच्चे शिक्षा ग्रहण करेंगे।

इन पाठशालाओं में साक्षरता तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के समग्र विकास, आत्म-विश्वास और जीवन कौशल को भी बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में बच्चों को यूनिफॉर्म, स्कूल बैग और शैक्षिक सामग्री वितरित की गई। मंच संचालन दिशा ट्रस्ट के सयोजक संदीप सिंघल ने किया।


12 जीएनआर 1 : बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित करते नपाध्यक्ष अरुण त्यागी व लर्निंग फाउंडेशन आफ इंडिया के निदेशक रमन बहल सहित अन्य।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## बौद्ध अनुयायियों ने मीठे पानी की छबील लगाई

- ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के लोगों ने बुद्ध पूर्णिमा मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



बुद्ध पूर्णिमा पर सोमवार को बौद्ध अनुयायियों ने मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाई। बुद्ध पूर्णिमा पर बबीता किलसन ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा पर मीठे पानी की छबील लगाने से लोगों की धार्मिक आस्था बढ़ती है वहीं पुण्य भी मिलता है। इस मौके पर बबीता किलसन, प्रेम मेहरा, जगदीश छोक्कर, राजेश बोहला, प्रिंस, मोंटी, नरेंद्र मेहरा, हनी रोजझा, राहुल, मास्टर प्रीतम, रामदास सरोहा, राजेश बिबियान, हरि प्रकाश, रामफल, सुनील राठी, महेंद्र सिंहमार और एस.पी.किलसन आदि मौजूद रहे। वहीं शहर के काफी संख्या में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के लोगों ने पूर्णिमा पर हरिद्वार में पहुंचकर गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य की कामना की। पूर्णिमा तिथि पर गंगा स्नान और दान पुण्य के लिए विशेष महत्व बताया गया है।

### राज्य स्तरीय मुए थाई चैम्पियनशिप में जीते 5 पदक



**खरखौदा।** महम, रोहतक में आयोजित तीसरी हरियाणा राज्य मुए थाई चैम्पियनशिप में प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण पदक और 2 रजत पदक जीतकर न केवल सोनीपत जिले, बल्कि अपने विद्यालय का भी नाम रोशन किया। पदक विजेता खिलाड़ियों में आदित्य 86 किलोग्राम, आदित्य प्लस 90 व जतिन 90 ने स्वर्ण पदक, आतिक 75 व अनंत 72 ने रजत पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ियों का विद्यालय में द्रोणाचार्य अवार्डी ओम प्रकाश दहिया, संस्थापक सतप्रकाश दहिया, अकादमिक निदेशक डॉ. सुबोध दहिया, जिला सोनीपत मुए थाई एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं गरीब कल्याण संस्था के संरक्षक शक्ति ठेकेदार, सचिव सोमबीर आर्य, अश्वनी कौशिक, पार्षद सीताराम, मास्टर महेन्द्र, ब्रिजेन्द्र रोहणा और कोच जगमेंद्र पांचाल ने स्वागत किया। इस अवसर पर जिला सोनीपत मुए थाई एसोसिएशन के अध्यक्ष शक्ति ठेकेदार ने खिलाड़ियों को जीतने पर शुभकामनाएं दी।

### 20 मई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल से मंच का कोई लेना-देना नहीं : नागर

**सोनीपत।** हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच की राज्य और जिला कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आज एचएसवीपी परिसर, सेक्टर-15 सोनीपत में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंच के प्रदेश महासचिव आरके नागर ने की, जबकि संचालन राज्य कमेटी के कार्यालय सचिव विजेंद्र कुमार शर्मा द्वारा किया गया। बैठक में कर्मचारियों से जुड़े कई ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और हरियाणा सरकार से लंबित मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की गई। इस अवसर पर मंच ने यह स्पष्ट किया कि 20 मई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल से हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच का कोई लेना-देना नहीं है। मंच के नेताओं ने बताया कि हड़ताल का निर्णय बिना मंच को विश्वास में लिए लिया गया है, इसलिए संगठन इस हड़ताल का हिस्सा नहीं बनेगा। आरके नागर ने नगर निगम सोनीपत के वाटर पंप ऑपरेटरों की हड़ताल का जिक्र करते हुए अधिकारियों और ठेकेदार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि निर्दोष कर्मचारियों को हटाया गया जबकि हड़ताली कर्मचारियों को ड्यूटी पर रखा गया, जो अन्यायपूर्ण और पक्षपातपूर्ण निर्णय है।

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होंगे ग्रामीण सफाई कर्मी

हरिभूमि न्यूज . खरखौदा

ब्लॉक खरखौदा के ग्रामीण सफाई कर्मियों की एक बैठक शहर के वाल्मीकि आश्रम में हुई। ब्लॉक प्रधान रोहतास चंडालिया ने बैठक की अध्यक्षता की तथा मंच संचालन यूनियन सचिव चांद ने किया। जिला संयोजक राजेश टोकी व राजेश रसोई ने सभा की अगुवाई की। प्रदेश कोषाध्यक्ष संदीप सिंह भी इस दौरान मौजूद रहे। यूनियन के जिला संयोजक राजेश रसोई ने बताया कि भारत की 11 ट्रेड यूनियन मिलकर 20 मई को राष्ट्रीय व्यापी हड़ताल करने जा रहे हैं। जिसमें प्रदेश के ग्रामीण सफाई कर्मी भी बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि ग्रामीण सफाई कर्मियों का समय पर वेतन भुगतान नहीं होता। 2007 की नियुक्ति के बाद आज लगभग 3000 की आबादी पर एक सफाई कर्मचारी सफाई काम कर रहा है। जिन्हें समय पर वेतन तथा काम के औजार, सुरक्षा के उपकरण नहीं दिए जा रहे हैं। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान करवाने के लिए जिला हेड क्वार्टर पर साल का इकट्ठा बजट भेजना तथा 26000 रुपए लागू करवाने का संकल्प पूरा करके सरकार सफाई कर्मचारियों को राहत दे सकती है।


**सोनीपत।** बैठक को संबोधित करते कर्मचारी नेता राजेश।